बकाया फसल बीमा क्लेम के साथ ही पौधारोपण अभियान की समीक्षा की

हनुमानगढ़, (कासं)। कृषि विभाग के विभिन्न कार्यालय जैसे संयुक्त निदेशक कृषि, परियोजना निदेशक आत्मा, उद्यान, राजस्थान राज्य बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्थान, बीज परीक्षण प्रयोगशाला, कृषि विपणन विभाग इत्यादि की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, खरीफ सीजन में विभिन्न फसलों का बुवाई क्षेत्रफल व वर्तमान में फसलों की स्थिति, कपास में गुलाबी सुंडी का प्रकोप व नियंत्रण प्रबंधन हेतु स्थापित किए गए फेरोमेन ट्रेप, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बकाया बीमा क्लेम के साथ ही पौधारोपण अभियान की समीक्षा की गई। नोहर में कृषि कार्यालय द्वारा ई-फाइल से कम कार्य होने पर इसकी जांच के लिए टीम भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संपर्क पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा भी की गई।

जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बकाया बीमा क्लेम के प्रकरणों यथा रबी 2021-22 में बीमा कम्पनी द्वारा निरस्त बीमा पॉलिसियों, खरीफ 2022 व रबी 2022-23 में विभिन्न पटवार मंडलों में आयोजित फसल कटाई प्रयोगों पर बीमा कम्पनी द्वारा दर्ज आपत्तियों का निस्तारण करने, वर्ष 2019-20 से 2022 तक बाउंस बीमा क्लेम राशि का शीघ्र भुगतान करने, पिछले फसल मौसमों में बीमित कृषक जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उनके वारिशों को बीमा क्लेम भुगतान हेतु एआईसी कंपनी के जिला प्रबंधक को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों पर बीमा कम्पनी व कृषि आयुक्तालय से पत्राचार कर निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि खरीफ 2023 अंतर्गत पूरे प्रदेश में कंपनी ने 750 करोड़ तथा जिले में 69 करोड़ के बीमा क्लेम का भुगतान कृषकों के खातों में किया जा चुका है।

गत वर्ष जिले में गुलाबी सुंडी और बॉलरोट (टिण्डा गलन) से फसल को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, जिससे उत्पादन व कपास की गुणवत्ता में भरी गिरावट आई। इसकी पुनरावृति ना हो इसलिए विभाग को गुलाबी सुंडी प्रकोप नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु विभागीय दिशा निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करने तथा अधिक से अधिक फेरोमैन ट्रेप लगाने के निर्देश दिए। कृषि अधिकारी समय समय पर खेतों का भ्रमण कर कृषकों से संवाद करें। इसके साथ ही कपास में कीट प्रबंधन हेतु जिला स्तर व उप जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूप स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करें।

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने कृषि और उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- **कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एमएसपी पर खरीद को लेकर दिए निर्देश**

उद्यान विभाग में पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर संयंत्र प्रगति की समीक्षा उपरान्त जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य 7000 के विरूद्ध प्रशासनिक स्वीकृति सितम्बर तक शत प्रतिशत जारी की जाए। विभिन्न योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्ययोजना निर्धारित की जाए। राजस्थान राज्य बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्थान व बीज परीक्षण प्रयोगशाला की योजनाओं की समीक्षा कर आवंटित लक्ष्यों को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बीज, फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड्स की गुणवत्ता जांच हेतु सैंपलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। आत्मा परियोजना अन्तर्गत शासकीय परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

जाट कन्या छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बीकानेर, (कासं)। चौधरी चरण सिंह शिक्षण एवं सेवा समिति ने आज बैठक कर जाट समाज द्वारा निर्मित बीकानेर जिले के प्रथम कन्या छात्रावास को शीघ्र चालू करने का निर्णय लिया।

यह कन्या छात्रावास बीकानेर संभाग और सीमावर्ती जिलों की ग्रामीण परिवेश की कन्याओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। भरत कुमार ठोलिया ने बताया कि इस छात्रावास में कुल 70 सुसज्जित कमरे 140 छात्राओं के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए एक अगस्त से शुरू करना तय किया गया है। छात्रावास में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

प्रवेश फॉर्म और नियमावली प्रचार के लिए गांव-गांव में वितरित करवा दी गई है। प्रवेश फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 25 जुलाई है। प्रवेश फॉर्म समिति से मोबाइल नंबर 9928081713 पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है। इस छात्रावास के प्रत्येक कमरे में दो गद्देदार बिस्तर, पढ़ाई की टेबल व दो कुर्सियां, सामान रखने के लिए दो अलमारियां, एक कूलर और एक पंखे की व्यवस्था रहेगी। छात्रावास में एक आधुनिक रसोई का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। छात्रावास में छात्राओं के एक गुणवत्तापूर्ण अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए 40 कंप्यूटर एवं शांत माहौल में अध्ययन के लिए अलग से कक्ष की व्यवस्था की गई है।

सार-समाचार

पांच सौ पौधे वितरित

नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बीकाणा हरा-भरा के तहत पांच सौ पौधे वितरित किए।

बीकानेर,(कासं)। नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बीकाणा हरा-भरा के तहत मंगलवार से सुदर्शना नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से पौधा वितरण व पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि रानी बाजार मण्डल उपाध्यक्ष ज्योति विजयवर्गीय व टीना लोहिया ने किया। ज्योति विजयवर्गीय ने बताया कि हमे पौधे को पेड बनने तक सारी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि नीम, सरेश, महेंदी, गुलमोहर, ट्राली, कनीर सहित पांच सो पौधे वितरित किए। पौधे वितरण में चन्द्रकला शर्मा, रिंकी शर्मा, राजकुमारी शर्मा, ऊर्मिला पाल, किरण जागिंड, सनू भाटी, नरेन्द्र लोहिया, मनीष भोजक, आशा धूडिया, जनक शर्मा, उषा महेता, तरूण भोजक शामिल हुए।

'अनुदान का लाभ गौवंश को मिले'

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में मंगलवार को पशुपालन और रसद विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने दोनों विभागों की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गोपालन के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से पूर्ण होनी चाहिए। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में संचालित गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए राज्य सरकार की ओर से देय अनुदान का लाभ गौवंश को मिलना सुनिश्चित किया जाए। गौशालाओं में गोवंश के लिए नियमित टीकाकरण करवाया जाए। उनके लिए दवा, चारा, पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए कटिबद्ध है। इसलिए विभागीय अधिकारी भी गंभीरतापूर्वक गोवंश के कल्याण के लिए काम करें। रसद विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि एफसीआई से समन्वय कर विभागीय अधिकारी समय पर गेहूं का उठाव और वितरण सुनिश्चित करें। वंचित उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत की जाये और उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी भी ई-मित्र और पोश मशीन के माध्यम से जल्द पूर्ण की जाये। 18 वर्ष से कम आयु और 60 वर्ष से अधिक आयु के साथ दिव्यांग उपभोक्ताओं को डोर स्टेप डिलीवरी का लाभ देने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल की बिक्री और गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग करने वालों पर विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में संयुक्त निदेशक डॉ. नरेश गुप्ता ने पशुपालन और कविता सिहाग ने रसद विभाग की योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर गोद भराई

नोखा, (कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचा नेहरू

नोखा में महिला व बाल विकास अधिकारी मंजू सोनी ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई।

नोखा स्थित वार्ड नंबर 9 के आंगनबाड़ी केन्द्र पर कल गोद भराई एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिला व बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू सोनी ने उपस्थित अभिभावकों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर 3 से 6 आयुवर्ग के बच्चों का प्रवेश करवाने के लिए आग्रह किया। गर्भवती महिलाओं के गोद भराई कार्यक्रम संपन्न करके गोद भराई कार्यक्रम का महत्व बताते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन करने का विशेष आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू नाई, ज्योति पंचारिया, अरूणा पंडित, गायत्री स्वामी, सहायिका मेघा मारू, प्रमिला नाई, मेन्टॉर टीचर लिखमाराम मेघवाल, सुनीता खीचड, अश्विनी मोदी, विजय भाम्भू सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

उप कारापाल की भर्ती के आवेदन मांगे

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप कारापाल के 73 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यश राठौड़ ने बताया कि इस भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों के लिए पद आरक्षित रखे गए हैं। आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी राजस्थान लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग्य भूतपूर्व सैनिक निर्धारित तिथि तक आवेदन कर पत्र जमा करवा सकते हैं।

पुलिस थाने की चौखट पर पहुंची नन्हीं बच्ची की पुकार

श्रीगंगानगर, (कासं)। चक तीन ई छोटी क्षेत्र की डाल कॉलोनी की झाडियों में मिली नवजात बच्ची को पुकार आखिर जवाहर नगर पुलिस थाने की चौखट तक पहुंच गई है।

इस बच्ची को हालत को देखते हुए राजकीय जिला चिकित्सालय के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर 23 के ब्लॉक निवासी राजेश कुमार गोयल की ओर से अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। इसमें बताया गया है कि चार जुलाई को डाल कॉलोनी से किरण नाम की एक महिला ने झाड़ियों में मिली इस बच्ची को जिला चिकित्सालय के नैनो आईसीयू में भर्ती कराया था। इस नवजात बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है।

किसी अज्ञात महिला ने जन्म देने के बाद इस बच्ची को मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दिया था। इस बच्ची का वजन एक किलो 800 ग्राम हैं। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 93 के तहत मामला दर्ज कर जांच हैंड कांस्टेबल हरजिन्द्र सिंह को दी गई हैं। बाल कल्याण समिति ने इस बच्ची की देखभाल के लिए केयर टेकर की संख्या दो से बढ़ाकर अब तीन कर दी हैं।

- **झाड़ियों में मिली थी नवजात बच्ची, जवाहर नगर थाने में अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया**

जिला चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर प्रमिला ने बताया कि इस बच्ची को गोद लेने के लिए रोजाना लोग आते हैं। कई लोग तो बच्ची को देखने की जिद तक करते हैं। नैनो आईसीयू में कुल 24 नवजात शिशुओं को भर्ती करने की व्यवस्था है। लेकिन वहां मौजूदा 17 नवजात शिशुओं का उपचार किया जा रहा है। इसमें 11 शिशुओं का जन्म जिला चिकित्सालय में हुआ है, जबकि सात बाहरी शिशु हैं। इन शिशुओं की देखभाल के लिए नर्सिंग ऑफिसर महेन्द्र के अलावा हैल्पर अमनजीत कौर भी मौजूद थी। उन्होंने बताया कि बाल कल्याण समिति की ओर से सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पहली पारी में केयर टेकर सुनीता, दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक दूसरी पारी में केयर टेकर मीनू और रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक तीसरी पारी में केयर टेकर राधा की ड्यूटी लगाई है।

इस बीच पुलिस उपअधीक्षक शहर आईपीएस बी.आदित्य ने दावा किया कि पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही हैं। इस बच्ची की मां के बारे में हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। जवाहर नगर सीआई देवेन्द्र सिंह ने दावा किया कि पत्रिका में लगातार इस बच्ची के बारे में समाचार पढ़ रहे हैं। अब यह मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने बच्ची की मां के बारे में खोजबीन शुरू कर दी हैं। हर एंगल को टटोला जायेगा। किसी भी सूरत में इस बच्ची की मां के बारे में खुलासा करने में पीछे नहीं रहेंगे।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेन्द्र कौशिक ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की आशा सहयोगिनों के माध्यम से शहरी क्षेत्र का रिकॉर्ड खंगाला गया।

सीमेंट के पोल लगाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस ने वार्ड नं-71 वाल्मीकि बस्ती छोटी गुवाड़ के ऋषि-मुनि चौक में पचास वर्ष पुराने लोहे के जर्जर विद्युत पोल जिनमें वर्षा ऋतु में करंट आने से मौहल्लेवासी हर समय भयभीत डरे हुए रहते हैं। उन्हें अविलम्ब हटाकर उनके स्थान पर सीमेंट के दो पोल लगाने की मांग की है।

इस संबंध में संगठन की शहर जिला शाखा अध्यक्ष अभिषेक वाल्मीकि ने यहां बताया कि वार्ड नं. 71 ऋषि मुनि चौक स्थित 50 वर्ष पूर्व के दो लोहे के विद्युत पोल स्थापित हैं। वर्षा के मौसम में उन विद्युत खंभों में करंट प्रवाहित रहता है। अभिषेक वाल्मीकि ने बताया कि मौहल्ले में हर समय आवागमन व बच्चे खेलते-कूदते रहते हैं। जिससे किसी भी समय अनहोनी व दुर्घटना संभावित है। भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस की शहर जिला शाखा के अध्यक्ष अभिषेक वाल्मीकि ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता डबी-वृत व नगर खंड के अधिशाषी अभियन्ता को पत्र भेजकर विद्युत खम्भों की वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए वार्ड नं. 71 के ऋषि मुनि चौक स्थित लोहे के खम्भों को अविलम्व हटाकर उनके स्थान पर सीमेंट के पोल लगाये जाएं।

इलाज के लिए अस्पताल में जनाधार जरूरी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए पीबीएम, एसएसबी, जिला अस्पताल तथा गंगाशहर सैटेलाइट अस्पातल के अधीक्षकों को कहा है कि विशेष परिस्थिति में आने वाले ऐसे मरीज जिनके पास जन आधार कार्ड नहीं होने पर उन्हें इस आधार पर शिथिलता प्रदान किया जा सकती है कि ऐसे रोगी तुरन्त जन आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। इस हेतु रोगी अपना सहमति पत्र प्रस्तुत करें।

समस्त अधीक्षक ऐसे रोगियों द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र की प्रति संलग्न कर जिला कलेक्टर को भी सूचित करेंगे ताकि जिला कलेक्टर स्तर पर उनका जन आधार कार्ड बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा सके। प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने एसपीएमसी से सम्बद्ध चिकित्सालयों के चिकित्सा अधीक्षकों एवं जांच कार्य से संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश की पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

- **बिना जनअधार कार्ड वाले मरीजों को विशेष परिस्थिति में मिलेगा निःशुल्क उपचार**

साथ ही राजस्थान राज्य के सभी मरीजों की मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजनान्तर्गत अधिसूचित सभी जांचें निःशुल्क किये जाने, बिना जन आधार कार्ड वाले मरीजों के पहचान पत्र की प्रति प्राप्त नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित करने के आदेश जारी किये है।

मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना को अधिक प्रभावी बनाने हेतु सभी राजकीय चिकित्सालयों में आने वाले समस्त ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के लिए जन आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है। जिससे रोगीं को दिए गए उपचार एवं जांच का रिकॉर्ड भी रखा जा सके तथा रिकॉर्ड के साथ- साथ होने वाली बीमारियों के बारे में भी विश्लेषण किया जा सके।

पी.बी.एम. के वार्ड में शौचालय की पट्टियां गिरी

बीकानेर,(कासं)। यहां के पीबीएम अस्पताल में सी वार्ड के बाहर बने शौचालय की पट्टियां गिरने से वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कुछ दिन पहले ही अस्पताल प्रशासन ने शौचालय को असुरक्षित घोषित करते हुए बंद कर दिया था, जिससे कोई बड़ा हादसा होने से टल गया।

संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में सी वार्ड के सामने बने शौचालय की पटिट्यां अचानक से भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि कुछ दिन पहले ही अस्पताल प्रशासन ने इस शौचालय को असुरक्षित घोषित कर बंद कर दिया था, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर उप अधीक्षक गौरीशंकर जोशी मौके पर पहुंचे। पट्टियां गिरने से हुए जोरदार धमाके से एक बारगी पूरे वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। धमाके की आवाज सुनकर मरीजों के परिजन व स्टाफ दौड़कर अस्पताल से बाहर निकल गए। अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जानकारी के अनुसार इस शौचालय को बार-बार मरम्मत कराकर काम लिया जा रहा है। हालांकि गनीमत रही कि अस्पताल प्रशासन ने इस शौचालय को समय रहते बंद कर दिया नहीं तो कोई बड़ी जनहानि भी हो सकती थी।

पैरा एथलैटिक्स में धीरज व रूचिका का चयन

बीकानेर, (कासं)। बेंगलुरू में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय जूनियर पैरा एथलैटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 11 जुलाई को खिलाड़ी रवाना होंगे। यह प्रतियोगिता 14 जुलाई से शुरू हो रही है।

एमएमएस दिव्यांग संस्था पैरा स्पोर्ट अध्यक्ष मंजू जैन ने बताया कि जूनियर पैरा एथलैटिक्स प्रतियोगिता में संस्थान के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में धीरज तातेड़ का टी-20 कैटेगरी में 400 मीटर दौड़ तथा रूचिका गहलोत का एफ-35 लांग जम्प 200 मीटर के लिए चयन किया गया है।

सरपंचों ने ग्राम पंचायत कार्यालयों पर जड़े ताले

रावतसर, (कासं)। राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश आव्हान पर सरपंचों ने अपनी मांगों को लेकर ग्राम पंचायतों पर सांकेतिक तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया।

22 एजी के सरपंच धर्मपाल थालौड़ ने बताया कि हाल ही प्रदेश की बैठक में सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और सरपंचों ने भाग लिया था। इसमें समस्याओं व मांगों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार से करीब 2 वर्ष के बकाया को शीघ्र जारी करने की मांग रखी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास की नवीन स्वीकृति निकालने व खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोलने की मांग की गई। बकाया पैसा नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों में विकास ठप हो गया है। साथ ही खाद्य सुरक्षा पोर्टल सहित अन्य योजनाओं का आमजन को लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश आव्हान पर पंचायत समिति रावतसर की सभी ग्राम पंचायतों में सांकेतिक रूप से तालाबंदी की गई। सरपंच संघ सदस्यों ने बताया कि मांगों एवं समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो 10 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर उप जिला कलेक्टर एवं विधायक को ज्ञापन सौंपे जायेंगे।

- **प्रधानमंत्री आवास की नवीन स्वीकृति निकालने व खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोलने की मांग**

यदि इसके बाद मांगें नहीं मानी जाती हैं तो 12 जुलाई को जिला स्तर पर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। 18 जुलाई को प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों के सरपंच विधानसभा के लिए कूच करेंगे।

पी.एच.सी. मूलवास के उद्घाटन से पहले सी.एम.एच.ओ. ने लिया तैयारियों का जायजा

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नोखा में संत दुलाराम कुलरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूलवास के उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने आयोजन स्थल जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

भामाशाह नरसी कुलरिया, भंवर कुलरिया तथा पूनम कुलरिया एवं तथा अस्पताल प्रभारी डॉ लेखराम के साथ अस्पताल के बाहरी व आंतरिक निर्माण कार्यों सहित सभी व्यवस्थाओं को देखा। उद्घाटन कार्यक्रम आयोजन हेतु सभा स्थल तथा अन्य तैयारियां को परखा। अस्पताल में उपलब्ध बैड, उपकरणों, मशीनों, दवाओं व संसाधनों तथा कक्षवार व्यवस्था को भी देखा और आवश्यकता अनुसार निर्देश दिए।

डॉ गुप्ता ने बागड़ी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अधीक्षक डॉ सुनील बोथरा के साथ अस्पताल में दी जा रही सेवाओं का जायजा लेते हुए भर्ती मरीजों से फीडबैक लिया। पूर्व में जिला कलेक्टर तथा संभागीय आयुक्त के भ्रमण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था में कमी पाई गई थी। इसके सुधार के लिए आरएमआरएस के माध्यम से बढ़े हुए बजट से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अस्पताल में पड़े अनुपयोगी सामान का सीएमएचओ कार्यालय के सहायक लेखा अधिकारी इकरार हुसैन से सलाह कर नीलामी द्वारा जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उपलब्ध उपकरणों, मशीनों का शत प्रतिशत उपयोग कर आमजन को लाभ देने के निर्देश डॉ गुप्ता ने दिए।

नोखा में बागड़ी जिला अस्पताल का सी.एम.एच.ओ. डॉ. राजेश गुप्ता ने निरीक्षण किया।

- **बड़ी संख्या में प्रसव केस रैफर करने को लेकर सीएमएचओ ने खासी नाराजगी जताई और इस गलत प्रणाली को को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए**

स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ होने के बावजूद बड़ी संख्या में प्रसव केस रैफर करने को लेकर सीएमएचओ ने खासी नाराजगी जताई और इस गलत प्रणाली को को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए। डॉ गुप्ता ने एएनएम ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध सेवाओं के साथ शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक उपलब्धियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

डिवाइडर कट फिर से खुले, पुलिस ने हटाए बैरिकेट्स

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में ट्रैफिक सुधार की दिशा में यातायात पुलिस का एक और प्रयोग का दम फूल गया। यातायात पुलिस प्रशासन ने चार महीने पहले मार्च के दूसरे सप्ताह में गौशाला मार्ग और रविन्द्र पथ के डिवाइडर कट को बंद कर दिया था, उसे खोल दिया।

इन कट एरिया में बैरीकेट्स लगाकर वाहनों की क्रॉसिंग करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। लेकिन पुलिस अधिकारियों के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस ने यू टर्न लेते हुए गौशाला मार्ग और रविन्द्र पथ पर लगाए गए बैरिकेट्स को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इससे डिवाइडर कट के पास दुकानदारों और शोरूम संचालकों को राहत मिली हैं। इन दुकानदारों का कहना था कि बैरिकेट्स लगाने से उनके यहां ग्राहकों पर ज्यादा असर पड़ा। एक शोरूम संचालकों का मानना था कि वन-वे ट्रैफिक होने के कारण खरीददारी करने के लिए उनके शोरूम में आने से कतराने लगे।

- **गौशाला मार्ग और रविन्द्र पथ पर लगाए गए बैरिकेट्स हटाए**
- **इससे डिवाइडर कट के पास दुकानदारों और शोरूम संचालकों को राहत मिली**

दरअसल यातायात पुलिस ने पिछले बारह सालों में हर बार डिवाइडर कट को बंद करने से ट्रैफिक सुधार करने का रटा रटाया फार्मूला अपनाया लेकिन हर बार पुलिस बैकफुट पर आती रही हैं। इधर व्यापारियों का कहना है कि यातायात सलाहकार समिति की बैठक में व्यापारियों, दुकानदारों और राहगीरों की पीड़ा को समझने का प्रयास तक नहीं किया जाता है। इस बैठक में चुनिंदा लोग ही शामिल होते हैं और वे अफसरों को फील्ड में आ रही अड़चन को प्रभावी ढंग से नहीं बताते और डिवाइडर कट को बंद करवाने में हामी भर देते हैं।

दरअसल करीब दो महीने पहले रविन्द्र पथ पर अरोड़वंश मंदिर मार्केट के दुकानदारों ने डिवाइडर कट पर लगाये गए बैरिकेट्स का विरोध करने लगे। यातायात पुलिस ने इंकार किया तो इन दुकानदारों ने धरना तक लगा दिया। ऐसे में कोतवाली पुलिस की समझाइश से यह मामला शांत किया गया। अगले दो सप्ताह में वहां से ये बैरिकेट्स हटा दिए गए। पुलिस की ओर से लगे बैरिकेट्स को हटाने की इस प्रक्रिया का विरोध अन्य जगहों पर होने लगा।

यातायात पुलिस प्रभारी रघुवीर सिंह बीका ने बताया कि व्यापारियों ने विधायक के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। इसमें बताया गया कि डिवाइडर कट बंद होने से ग्राहकी प्रभावित हुई है। विधायक ने एसपी को व्यापारियों का फीडबैक दिया गया। इस पर एसपी ने डिवाइडर कट पर लगे बैरीकेट॰स को हटाने के निर्देश मिले।